# मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना

**दिनांक – 09 नवम्बर 2021**

आयुक्त भू-अभिलेख, मध्यप्रदेश

# निर्देश

**संदर्भ : पत्र क्रं- एफ 2-13/2021/सात-7 दिनांक 28/10/2021**

- आबादी क्षेत्र की भूमि पर पात्र परिवारों को आवासीय भू-खण्ड उपलब्ध कराना।
- आबादी क्षेत्र सिर्फ ग्रामीण क्षेत्रों में होगा।
- अपर्याप्त आबादी भूमि होने पर पृथक आबादी क्षेत्र घोषित करना।
- परिवार से अभिप्रेत है पति-पत्नि तथा उनके अविवाहित पुत्र/पुत्री

# ग्रामीणजन हेतु आवेदन की प्रक्रिया

# ग्रामीणजन हेतु आवेदन की प्रक्रिया

- सारा पोर्टल (http://saara.mp.gov.in/) के माध्यम से योजना हेतु आवेदन किया जा सकेगा।
- सारा पोर्टल पर उपलब्ध लिंक "मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना" पर क्लिक कर नवीन आवेदन हेतु ऑप्शन उपलब्ध होगा।
- नवीन आवेदन में समग्र नंबर अनुसार नाम आदि जानकारी उपलब्ध होगी।
- आवेदन भरने हेतु मोबाईल नंबर अनिवार्य है, जिसके माध्यम से ओटीपी प्राप्त कर आवेदन ऑनलाईन जमा किया जा सकता है।

# ग्रामीणजन हेतु आवेदन की प्रक्रिया


- आवेदन भरने के उपरांत दिए गए आधार नंबर हेतु ई-केवायसी का ऑप्शन उपलब्ध होगा।
- ई-केवायसी मोबाइल ओटीपी/बायोमेट्रिक के माध्यम से पूर्ण किया जा सकता है। तदुपरांत आवेदन अंतिम रूप से सुरक्षित होगा।
- ई-केवायसी की प्रक्रिया को फार्म भरने के समय पूर्ण न होने पर आवेदन सर्च कर ई-वायसी की प्रक्रिया को पूर्ण किया जा सकता है।
- ई-केवायसी पूर्ण होने पर पृथक से आवेदन पर हस्ताक्षर आवश्यक नहीं होगा।

# ग्रामीणजन हेतु आवेदन की प्रक्रिया

- ❖ आवेदन भरने के उपरांत आवेदन का प्रिंट सारा पोर्टल से प्राप्त किया जा सकता है। जिसके लिए पृथक से डाउनलोड ऑप्शन भी दिया गया है।
- ❖ आवेदन डाउनलोड एवं ई-केवायसी हेतु एप्लीकेशन नंबर एवं मोबाईल नंबर दर्ज कर कार्यवाही की जा सकती है।
- ❖ एप्लीकेशन नंबर प्राप्त करने हेतु मोबाईल नंबर एवं समग्र आईडी अंकित कर एप्लीकेशन नंबर को खोजा जा सकता है।


# ग्रामीणजन हेतु आवेदन की प्रक्रिया

सारा पेज के होम पेज पर लिंक उपलब्ध है




# ग्रामीणजन हेतु आवेदन की प्रक्रिया

आवेदन करें पर क्लिक करें




# ग्रामीणजन हेतु आवेदन की प्रक्रिया

आवेदन दर्ज करें पर क्लिक करें




# ग्रामीणजन हेतु आवेदन की प्रक्रिया

समस्त जानकारी भरने के उपरांत फार्म सेव करें




# ग्रामीणजन हेतु आवेदन की प्रक्रिया

मोबाईल नंबर एवं समग्र आईडी से जानकारी को सर्च कर सकते है।



# ग्रामीणजन हेतु आवेदन की प्रक्रिया

फार्म भरने के उपरांत ई-केवायसी पृथक से किया जा सकता है एवं एप्लीकेशन फार्म डाउनलोड किया जा सकता है



# सारा एप के माध्यम से जांच प्रतिवेदन

## जांच प्रतिवेदन

- प्राप्त आवेदन ग्रामवार संबंधित पटवारी को एप पर उपलब्ध होंगे।
- एप में प्राप्त आवेदन को सर्च करने की सुविधा होगी, जिसमें आवेदक द्वारा भरी गई जानकारी का अवलोकन किया जा सकता है।
- जांच प्रतिवेदन सारा एप के माध्यम से ही भेजा जावेगा।
- सारा एप पर मोबाईल स्क्रीन के माध्यम से संयुक्त हस्ताक्षर की सुविधा होगी।
- जिस आवेदन में ई-केवायसी पूर्ण नहीं किया गया है, उस आवेदन पर आवेदक से हस्ताक्षर कराकर फार्म प्रकरण में सुरक्षित रखा जावेगा।

# SAARA to RCMS Case

# केस निराकरण

- आवेदन का जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने सारा पोर्टल के माध्यम से जानकारी RCMS पोर्टल पर भेजी जावेगी।
- ग्रामवार दर्ज केस नंबर की जानकारी सारा पोर्टल पर अवलोकन हेतु उपलब्ध होगी।
- RCMS पर नियमानुसार प्रकरण का निराकरण दर्ज किया जावेगा एवं पात्र हितग्राहियों हेतु प्रारूप "ग" की जानकारी अद्यतन की जावेगी। |
- अंतिम जानकारी सारा पोर्टल पर अवलोकन/पीडीएफ डाउनलोड कर प्रिंट करने हेतु उपलब्ध होगी

## विशेष (स्वामित्व योजना) :-

- स्वामित्व योजना का कार्य लगातार प्रगतिरत है।
- भू अधिकार प्रमाणपत्र से यह स्पष्ट होगा की आवेदक को विधि अनुसार आबादी भूमि में भूमि 2018 के उपरांत आवंटित हुई है ।
- यदि भू-खण्ड वर्तमान आबादी भूमि में दिया गया है, तो ड्रोन सर्वे के पूर्व चूना मार्किंग कर आवंटित भू-खण्ड को चिन्हांकित किया जावे, जिससे अधिकार अभिलेख, खसरा आदि में आवंटिति का नाम अंकित हो सके।
- यदि पृथक आबादी घोषित कर ले-आउट स्वीकृत किया है, तो ड्रोन फ्लाई के पूर्व ले-आउट अनुसार चूना मार्किंग सुनिश्चित किया जावें।

# Thank You...